हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025


तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 3.5 डिग्री


11 सुंदर प्रस्तुतियों और शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ तीन ...



12 दो लग्जरी गाड़ियों से 2.26 करोड़ का गांजा ...




सोने के सभी आभूषणों पर सिर्फ 5% मेकिंग चार्जेस
50K या उससे ऊपर की हीरे की ख़रीदारी पर पाए एक चाँदी का सिक्का मुफ़्त
P. P. Jewellers®
— Rohtak —
SUNDAY OPEN
1 लाख या उससे ऊपर की हीरे की ख़रीदारी पर पाए एक सोने का सिक्का मुफ़्त
सभी हीरे के आभूषणों पर 25% की छूट!


## खबर संक्षेप

### डॉ. मंगल सैन की पुण्य तिथि पर गोष्ठी आज

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की डॉ मगल सैन शोध पीठ 2 दिसंबर को डॉ. मंगल सैन की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वराज सदन में उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और राजनीतिक चिंतन पर केंद्रित एक विचार गोष्ठी का आयोजन करेगा। डॉ. मगल सैन शोध पीठ के अध्यक्ष प्रो सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में नगर के गणमान्य प्रबुद्धजनों के साथ विविध क्षेत्रों से जुड़े विचारक भी शामिल होंगे। 2 दिसंबर को दोपहर 2:30 बजे से 5 बजे तक आयोजित होने वाली इस गोष्ठी में डॉ. मंगल सैन के सामाजिक योगदान, राजनीतिक दृष्टि और जनसेवा की विरासत पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

### फसल अवशेष प्रबंधन योजना मशीनों का आज से सत्यापन

**रोहतक।** उप कृषि निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2025-26 के तहत विभागीय पोर्टल पर मशीनों के बिल अपलोड करवाने वाले किसानों की मशीनों का भौतिक सत्यापन 2 से 4 दिसंबर तक कमेटी द्वारा खंड अनुसार किया जाएगा। 2 को सुपर सीडर, 3 को स्ट्रॉ बेलर यूनिट तथा 4 को उपरोक्त मशीनों को छोडक़र अन्य मशीनों का भौतिक सत्यापन होगा। खंड कलानौर के लिए कलानौर स्थित नई अनाज मंडी, महम खंड के लिए महम स्थित नई अनाज, रोहतक खंड के लिए स्थानीय नई अनाज मंडी के सामने स्थित पुराना चीनी मिल मैदान, लाखनमाजरा खंड के लिए लाखनमाजरा स्थित गुरुद्वारा मैदान में सत्यापन किया जायेगा।



### 12 नेत्रहीन दंपत्तियों के विवाह में सहयोग किया

**रोहतक।** इन्नर व्हील क्लब रोहतक ब्लूमिंगडेल ने परिवार कल्याण समिति के अंतर्गत एक अनोखी सेवा पहल करते हुए माता दरवाजा स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित 12 नेत्रहीन दंपत्तियों के सामूहिक विवाह समारोह में सहयोग प्रदान किया। क्लब की दो सदस्य व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और नवविवाहित दंपत्तियों को आवश्यक सामग्री, आत्मीयता और आशीर्वाद देकर उनके विशेष दिन को और भी यादगार बनाया।

**लाखनमाजरा बाईपास के पास हुआ हादसा:** घायलों को पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया

# दो स्कूल बसों में जबरदस्त टक्कर कई घंटे बच्चों में मची चीख-पुकार

### एसपी ने घटना के जांच के आदेश दिए दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश





**एक बस में स्कूली बच्चे और दूसरी में सवार थे बाराती, 6 बच्चे घायल**







हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोमवार को बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब दो प्राइवेट स्कूल बसें आपस में भिड़ गईं। हादसा सुबह करीब 8 बजे लाखनमाजरा बाईपास के पास हुआ। एक बस में 15 स्कूल के बच्चे सवार थे, जबकि दूसरी बस में बाराती बैठे हुए थे। दोनों बसों की तेज रफ्तार और लापरवाही ने मिलकर स्थिति को भयावह बना दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बस पलट गई जबकि दूसरी बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में 6 लोग घायल हुए, जिनमें बच्चे और दोनों बस ड्राइवर शामिल हैं। सभी घायलों को तुरंत पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं, एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने पीजीआई में जाकर घायलो का हालचाल जाना तथा डॉक्टरों को शीघ्र उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने बारे कहा है। एसपी रोहतक द्वारा घटना के जांच के आदेश दिए गए है तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने बारे कहा गया है।

#### अचानक यू टर्न लेने से हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, ग्लोबल स्कूल, भगवतीपुर की बस बच्चों को लेकर स्कूल की ओर जा रही थी। जब यह बस लाखनमाजरा बाइपास पर पहुंची, तो ड्राइवर ने कट से यू-टर्न लेने का प्रयास किया। इसी दौरान शाहपुर स्कूल की एक अन्य प्राइवेट बस, जिसमें बाराती सवार थे, तेज रफ्तार में आई और उसने सामने से ग्लोबल स्कूल बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बच्चों से भरी बस एक तरफ पलट गई।

#### बच्चों में मचा हड़कंप

हादसे के बाद स्कूल बस में बैठे बच्चों में चीख-पुकार मच गई। एक पल के लिए तो स्थिति बेहद अफरा-तफरी वाली हो गई। बस पलटते ही बच्चे सीटों से गिर पड़े और कई घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करीब 10 बच्चों को हल्की-फुल्की चोटें आईं, लेकिन गंभीर रूप से घायल केवल-2 बच्चे अस्पताल लाए गए। इसके अलावा दूसरी बस में सवार ग्रामीणों में से भी दो लोग घायल हुए।

#### ड्राइवरों के बयान और आरोप

जैड ग्लोबल स्कूल बस के ड्राइवर जयभगवान का कहना है कि शाहपुर स्कूल बस का ड्राइवर बहुत तेज गति में था और उसने बस को नियंत्रण में नहीं रखा। उन्होंने कहा कि दूसरी बस इतनी तेजी से आई कि उसने सामने से टक्कर मार दी। शायद उसे कहीं पहुंचने की जल्दी थी। हमारी बस में बच्चे थे, लेकिन उसने ध्यान ही नहीं दिया। दूसरी बस का अगला हिस्सा बुरी तरह टूट गया। माना जा रहा है कि वह बस शादी समारोह से लौटते हुए बाइपास की ओर आ रही थी।

#### घायल बच्चों और अन्य लोगों की पहचान

डीसी सचिन गुप्ता खुद पीजीआई पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने बताया कि ग्लोबल स्कूल बस के ड्राइवर जयभगवान को सिर में 5 टांके लगे हैं। बस में घायल हुए बच्चों में 11 वर्षीय वान्या और 11 वर्षीय अभि (दोनों बुड्ढा खेड़ा निवासी) शामिल हैं। दूसरी बस में घायल ज्योति (27), पत्नी प्रमोद निवासी शाहपुर और 11 वर्षीय हिमांशु, मीठा भी अस्पताल में भर्ती हैं।

#### बसों को चेक किया जा रहा

एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि पुलिस द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर स्कूल बसों का निरंतर चेकिंग अभियान चलाया जाता है। जिसमें स्कूल बस के हालात बारे निरीक्षण किया जाता है। इसके साथ-साथ बस चालक का मेडिकल परीक्षण तथा उनका आपराधिक रिकॉर्ड भी चेक किया जाता है। स्कूल बस चालकों को यातायात नियमों बारे जागरूक भी किया जाता है। स्कूल बसों के लिए सरकार द्वारा नियम बनाये गए है। जो भी स्कूल संचालक स्कूल बसों के संदर्भ में बनाये गए नियमों की पालन करते हुए नही पाए गए उनके खिलाफ नियमों के अनुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस साल अभी तक जिला पुलिस द्वारा 250 से ज्यादा स्कूल बसों को चैक किया जा चुका है। स्कूल बस के लिए निर्धारित किये गए नियमों व यातायात नियमो की अवेहलना पाए जाने पर 12 स्कूल बसों के चालान किए गए है। इसके अतिरिक्त एक स्कूल बस को इम्पाउंड भी किया गया है।

**उपायुक्त ने सभी निजी स्कूल संचालकों को दिए निर्देश**

## स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन के लिए आवश्यक कदम उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने सभी निजी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए कि वे स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आगामी सर्दी व धुंध के मौसम के दृष्टिगत बच्चों की सुरक्षा के लिए सभी प्रबंध किए जाये। जिला प्रशासन द्वारा सर्दी व धुंध के मौसम के दृष्टिगत बसों की चेकिंग का विशेष अभियान भी चलाया जायेगा, जिसमें उपमंडल समिति बसों की जांच करेंगी। डीसी सोमवार को लघु सचिवालय में निजी स्कूल संचालकों के साथ स्कूल बसों के सुरक्षित संचालन तथा धुंध के मौसम के दौरान बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के सभी मानको एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई हिदायतों की दृढ़ता से पालना सुनिश्चित करें। शील्ड स्पीड गवर्नर, कार्यशील सीसीटीवी कैमरे (सामने व बस के अंदर), स्कूल एक्सेस के साथ कार्यशील जीपीएस, अग्निशमन उपकरण, पूर्ण स्टॉक सहित प्राथमिक चिकित्सा किट, आपातकालीन प्रवेश द्वार, विंडो ग्रिल शामिल है।



**रोहतक।** लघु सचिवालय में निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

## स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों में जुटा नगर निगम दुकानों के आगे गंदगी मिलने पर होगा चालान

**सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार को वार्डो व पार्कों की तैयार की जाएगी स्वच्छता रैंकिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम रोहतक स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियो में अभी से जुट गया है तथा पूर्ण गंभीरता व तत्परता के साथ सफाई व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में जुटा हुआ है। सोमवार को विशेष बैठक आयोजित कर सफाई कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि शहर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, हर घर दुकान संस्थान से कूड़े को लिया जाए ताकि गंदगी सड़को पर न फैले। बाजारो में रात के समय भी कूड़ा लेने के लिए गाड़ियां पहुंच रही है इसलिए अब निगम की टीम बाजारों एवं मुख्य मार्गों पर निरीक्षण तेज कर ऐसे व्यक्तियो को चिन्हित कर चालान करेंगी जिनकी दुकानों या प्रतिष्ठानों के आगे कूड़ा पाया जाएगा या डस्टबीन नहीं मिलेगा। निगम आयुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम अब प्रत्येक वार्ड और पार्क की स्वच्छता रैंकिंग करेगा। रैंकिंग में सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान, डस्टबिन की स्थिति, गंदगी की शिकायतें, हरियाली, पार्क रख-रखाव जैसे बिंदुओं को शामिल किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वार्डों व पार्कों को सम्मानित किया जाएगा, जबकि कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।



**रोहतक।** मीटिंग लेते निगम आयुक्त डा. आनंद शर्मा।

#### जागरूकता में अधिकारियों का भी लिया जाएगा सहयोग

इस कार्य में शिक्षा विभाग के अधिकारियो का भी सहयोग लिया जाएगा। बच्चो का स्वच्छता के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है क्योकि यदि बच्चा स्वच्छता के प्रति जागरूक हो जाता है तो वह घर दुकान संस्थान स्वयं ही जीरो वेस्ट बन जाएगा क्योकि बच्चा ही परिवार की रीढ ही हड्डी का कार्य करता है। स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए निगम द्वारा तैयारी आरंभ कर दी गई है।

**कार्यक्रम** पीजीआईएमएस में विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई

## एड्स के मरीज नीम-हकीम के चक्कर में न पड़ें, डॉक्टर से ले इलाज : डॉ. एचके अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय की ओपीडी में सोमवार को कम्युनिटी मेडिसिन एवं मेडिसिन विभाग द्वारा साथ मिलकर विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसका मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ.एच.के. अग्रवाल ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर मंच का संचालन जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ.वरूण अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर कुलगुरू डॉ.एच.के. अग्रवाल ने कहा कि हमारी आबादी ज्यादा है, इसलिए इस बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा लगती है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयास से हमारे देश में एचआईवी के मरीजों का बेहतरीन इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2030 तक इस बीमारी से मरने वालों की संख्या को जीरो करने का जो लक्ष्य रखा गया है वह काफी अच्छा है और हम सभी को मिलकर इसमें आने वाली बाधाओं को दूर करना होगा।



**रोहतक।** पोस्टर प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति डॉ.एच के अग्रवाल । फोटो : हरिभूमि

#### भारत में 2.1 मिलियन मरीज

हमें बचाव के तरीके बढ़ाने चाहिए। डॉ. एच.के. अग्रवाल ने कहा कि छात्रों को एक छोटे छोटे ग्रुप बनाकर स्वच्छता अभियान, एड्स कंट्रोल, पर्यावरण सुरक्षा की मुहिम चलानी चाहिए। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि इसके इलाज मे नई नई तकनीक आ रही हैं। उन्होंने कहा कि एड्स के मरीज को अछूत नहीं माने और हमें नीम हकीम के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। डॉ. सिंघल ने कहा कि हम सभी को मिलकर 2030 के टारगेट को प्राप्त करने में सहयोग देना चाहिए। डीन डॉ. अशोक चौहान ने कहा कि इससे बचाव ही सबसे बडा बचाव है। उन्होंने कहा कि यह जो खंभों पर बीमारियों का शर्तिया इलाज लिखा होता है, हमें इससे बचना चाहिए और किसी भी भ्रांति में नहीं पड़ना चाहिए। डॉ. रमेश वर्मा ने कहा कि आज भारत में 2.1 मिलियन मरीज हैं और हर साल 34 हजार मरीज मर रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि 2030 तक इस मृत्यु दर को जीरो करना है। डॉ रमेश वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर एमबीबीएस विद्यार्थियों द्वारा आयोजित की गई पोस्टर प्रतियोगिता में पहला स्थान दीप्ति यादव ने प्राप्त किया।




### कलानौर में विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**रोहतक।** उपमंडल नागरिक अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. कमला वर्मा की अध्यक्षता में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. वर्मा ने बताया कि वर्ष 1988 से हर वर्ष 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को एचआईवी संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है और समय पर जांच व दवाइयों के सेवन से मरीज लंबा जीवन जी सकता है। गर्भवती महिलाओं को तीन माह के भीतर एड्स और सिफलिस की जांच अवश्य करानी चाहिए। ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर जसवीर रंगा ने बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, सुई-सिरिंज या ब्लेड के साझा उपयोग से फैलता है।

### दुर्गा कॉलोनी में हुई घर में चोरी की वारदात का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने दुर्गा कॉलोनी में हुई घर में चोरी की वारदात को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी से शिवाजी कॉलोनी थाना क्षेत्र के एक मंदिर में हुई चोरी का खुलासा भी हुआ है। अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है, ताकि उससे गहनता से पूछताछ की जा सके। थाना सिविल लाइन की प्रभारी पीएसआई अंकिता ने बताया कि दुर्गा कॉलोनी निवासी ज्ञानदे की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में उन्होंने बताया कि 7 अक्टूबर 2025 की रात लगभग 1:30 बजे दो युवक उनके घर की अलमारी खंगाल रहे थे। आवाज सुनकर जब वह उठीं तो आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में अलमारी से लगभग 1 लाख 8 हजार रुपये, सोने के आभूषण, किरायेदार सुरेंद्र के 5 हजार रुपये तथा किरायेदार आनंद का मोबाइल फोन चोरी मिला। जांच के दौरान 30 नवंबर 2025 को आरोपी मंगल उर्फ काकू पुत्र संजय निवासी सेक्टर-5, हांसी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने शिवाजी कॉलोनी क्षेत्र स्थित एक मंदिर में चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान आरोपी से अन्य वारदातों के बारे में भी जानकारी मिलेगी।

# सहेली



अपने प्रोफेशन में सक्सेसफुल होने के लिए जरूरी है, अपने वर्क पर फोकस्ड रहें, समय पर टार्गेट अचीव करें और उन आने वाली बाधाओं का आपको आभास हो, जो भविष्य में आ सकती हैं। साथ ही यह भी जरूरी है कि बदले समय के अनुसार आप टेक स्मार्ट भी बनें। लेकिन कुछ लोग ऐसा कर नहीं पाते। इसके लिए जरूरी है, अपने वर्क को सही ढंग से मैनेज करें, यह कैसे संभव है, जानें।

## ऐसे मैनेज करें वर्क समय पर अचीव होंगे टार्गेट

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन



उस दिन सुनीता अपनी कुलीग कामिनी से बोली, 'यार सब बोलते हैं, बड़े सपने देखो, बड़ा सोचो, अपने टार्गेट बड़े रखो। तभी बड़ी सक्सेस पाओगी, लेकिन मैंने तो सब कुछ करके देख लिया। रोज अपने वर्क की लिस्ट बनाती हूं। सुबह से रात तक पूरी मेहनत से काम करती हूं। इसके चलते फैमिली और फ्रेंड्स को टाइम नहीं दे पाती, लेकिन नतीजा वही ढाक के तीन पात।' अपनी बात कहकर सुनीता ने कामिनी से यह भी जानना चाहा, 'तुम सब कुछ कैसे मैनेज कर लेती हो, जो फैमिली को भी टाइम देती हो और अपने प्रोजेक्ट भी समय पर कंप्लीट कर लेती हो और तुम्हारा प्रमोशन



भी हो जाता है?' कामिनी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'सुनीता, न तो यह बहुत कठिन है, न असंभव। बस तुम्हें अपने रोज के वर्क-टार्गेट की लिस्ट बनाकर अपनी टीम, टाइम और टेक्नोलॉजी के साथ कॉर्डिनेट करना होगा, टालू टेकनीक से दूर रहना होगा।' यहां एक बात और समझनी चाहिए कि व्यक्ति अपने जीवन के सभी लक्ष्यों को तभी आसानी से अचीव कर सकता है, जब वह उन इच्छाओं को छोड़ दे, जो उसके मिशन के अपोजिट हों। जी हां, अगर आप कुछ छोटी-छोटी बातों को ध्यान रखें तो अपने सभी काम टाइम से मैनेज कर सकती हैं, आसानी से अपने लक्ष्य पूरे कर सकती हैं।

### डालें सपोर्ट लेने की आदत

सबसे पहले आपको अपनी सभी जिम्मेदारियों की समीक्षा करनी होगी। इसके लिए आपको तय करना होगा, कौन से काम आपको खुद करने हैं, कौन से काम आपको अपनी टीम को सौंपने हैं, ताकि आप बेहतर तरीके से सभी काम तय सीमा में पूरे कर सकें। साथ ही आप यह जानें कि कौन से कामों की जिम्मेदारी दूसरों को देने से आपको कोई दिक्कत नहीं होगी और कौन-से काम आपको स्वयं करना चाहिए?

### बेवजह बिजी न रहें

आप दूसरों के कामों में न उलझें। बेवजह लोगों से मिलना-जुलना बंद करें। गैरजरूरी मीटिंग्स से दूर रहें ताकि आपका समय बर्बाद न हो। जब-तब मीटिंग्स अटेंड न करें। अगर किसी मीटिंग में आपकी मौजूदगी जरूरी नहीं है तो उसमें से खुद को हटा लें। ऐसा करने से आपका अतिरिक्त बोझ हल्का हो जाएगा, आप अपने मुख्य काम पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी।

### टेक स्मार्ट बनिए

आज के समय में स्मार्टफोन और इंटरनेट ने दूरियां कम कर दी हैं। टेक सेवी व्यक्ति की कार्य क्षमता बढ़ा दी है। पहले आपको किसी व्यक्ति से मिलकर ही सब बातें करनी होती थीं, मीटिंग के लिए दूर जाना पड़ता था, पेमेंट के लिए बैंक जाना पड़ता था, इसमें समय खर्च होता था। अब आप अपनी डेस्क पर बैठकर एनईएफटी, आरटीजीएस या यूपीआई से पेमेंट कर सकती हैं। वीडियो कॉल या जूम मीटिंग से एक साथ कई लोगों के साथ डिस्कस कर सकती हैं। ई-मेल, व्हाट्स एप से डॉक्यूमेंट, फोटो, सैंपल भेज सकती हैं। जहां फिजिकल सैंपल भेजना हो, वहां पोर्टर एप के माध्यम से भेज सकती हैं। इसलिए टेक स्मार्ट बनिए, समय के साथ चलिए।



### खुद को दें वक्त

एनर्जी री-स्टोर करने के लिए खुद को थोड़ा आराम देने के लिए टाइम निकालें। काम के बीच में ब्रेक लेना, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना या अपने शौक पूरे करना भी जरूरी है। इससे आप अधिक ऊर्जावान होकर स्पष्ट सोच पाएंगी, भविष्य के लिए बेहतर निर्णय ले सकेंगी।

### विभिन्न लक्ष्यों में सामंजस्य जरूरी

विभिन्न लक्ष्यों के बीच सामंजस्य बैठाने के लिए आप अपने सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्यों और उन्हें हासिल करने वाली गतिविधियों को साफ-साफ डायरी में लिख लीजिए, इसके बाद यह समझने की कोशिश करें कि कौन से लक्ष्य आपस में जुड़े हैं, एक-दूसरे की पूर्ति करते हैं। उदाहरण के लिए अगर आपका लक्ष्य फिट रहना और स्टडी में भी अच्छा प्रदर्शन करना है तो नियमित व्यायाम दोनों में मदद करेगा। यह आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और स्टडी के लिए एनर्जी भी देगा। इसी तरह जब आप अपने दोनों लक्ष्यों के सामंजस्य को पहचान लेंगी तो आपकी छोटी-सी मेहनत भी एक साथ कई बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगी।

### इच्छाओं के जाल में न उलझें

हर इच्छा, लक्ष्य नहीं हो सकती। कई बार मन में उपजे विचार सिर्फ प्रलोभन होते हैं, जो आपकी मेहनत को बर्बाद करते हैं। इसलिए आत्म-नियंत्रण बेहद जरूरी है, ऐसी अनुत्पादक, निरर्थक इच्छाओं को समय रहते पहचानना और उनसे जितना संभव हो दूर रहना बेहद जरूरी है।

### बाधाओं का अंदाजा रखें

जब आप कोई लक्ष्य निर्धारित करें तो उसके रास्ते में आने वाली संभावित बाधाओं का पहले से अंदाजा लगाएं। ऐसा करने से आप विचलित होने की बजाय, अपने मुख्य उद्देश्यों पर ही टिकी रहेंगी। संघर्ष करने से कभी हिचकेंगी नहीं, अपना मनचाहा टार्गेट पा लेंगी। a

## भविष्य में बच्चे तभी सुनेंगे आपकी जब बचपन में आप सुनेंगे उनकी

बहुत से अभिभावक अपने बच्चों की बातों पर ध्यान नहीं देते, उनकी उलझनों और सवालों को इग्नोर कर देते हैं। लेकिन ऐसा करने से उनके कोमल मन पर बुरा असर पड़ता है। जो वर्षों बाद अभिभावक को बच्चों से मिलने वाली उपेक्षा के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों की हर बात को पूरे ध्यान से सुनें।

परवरिश
कृति आर. के. जैन



अगर किसी दिन आपका बच्चा आकर आपसे कहे, 'मम्मी, मुझे आज स्कूल नहीं जाना।' इस पर आप बिना इसकी वजह पूछे, बस उससे कह देती हैं, 'नहीं कोई बहाना नहीं चलेगा, चुपचाप तैयार होकर स्कूल जाओ।' तो उस क्षण आप भले सोचें कि आप बच्चे को अनुशासित रख रही हैं। लेकिन ऐसा बार-बार करने से बच्चे के मन में आपके प्रति भरोसे का छोटा-सा दरवाजा बंद हो रहा होता है। समय बीतता है, बच्चा बड़ा होता है। किशोरावस्था के किसी मोड़ पर वह अपने कमरे में खुद को बंद कर लेता है। चुप, उलझा हुआ, भीतर ही भीतर टूटता हुआ। आप बाहर खड़ी होकर बार-बार पुकारती हैं, 'क्या हुआ बताओ बेटा?' लेकिन तब तक वह दरवाजा लकड़ी का नहीं रह जाता। वह अनकही बातों, दबी भावनाओं की मोटी दीवार बन चुका होता है।

दरअसल, जो अभिभावक अपने बच्चों की छोटी-छोटी बातों को, उनकी उलझनों को नहीं सुनते, वे बच्चे बड़े होने पर अपने पैरेंट्स की बातें, उनकी हिदायतें कुछ नहीं सुनते।



**समझाने से पहले उन्हें समझें:** हम अकसर मान लेते हैं कि बच्चों को समझाना हमारा अधिकार है, जबकि सच यह है कि उन्हें समझना हमारा सबसे बड़ा फर्ज है। जब सात-आठ साल की बेटी कहती है, 'मां, मुझे यह फ्रॉक पसंद नहीं।' इस पर अगर आप जवाब देती हैं, 'पहनो इसे, इतने पैसे खर्च करके खरीदा है।' तो आप सिर्फ कपड़े की नहीं, उसकी पसंद, उसकी पहचान और उसकी इच्छा की कीमत कम कर देती हैं। वही बेटी जब बड़ी होकर पैरेंट्स के पसंद के किसी रिश्ते से इंकार कर देती है या करियर की राह अपने मन से चुन लेती है तो पैरेंट्स को लगता है कि वह हमारे बारे में नहीं सोचती। सच यह है कि हमने उसके लिए सोचना कभी सीखा ही नहीं था। सुनना सिर्फ कान खोलना नहीं, दिल खोलना भी होता है। अगर आप मोबाइल में बिजी हैं, और आपका बच्चा आपसे कुछ कह रहा है तो मोबाइल को एक मिनट के लिए साइड में रख देने से कोई बहुत बड़ा काम नहीं बिगड़ जाएगा। लेकिन उसकी बात ध्यान से अगर आप सुनती हैं तो वह बच्चा यह समझ जाता है कि उसकी भावनाएं, उसकी बातें और उसकी मौजूदगी की उसके अभिभावक की नजर में बहुत कीमत है। इससे उसके भीतर कहीं संस्कार भी निर्मित होता है कि अपनों की बात को सुनना चाहिए।

**बचपन का भरोसा रहता है उम्र भर:** जिस बच्चे की आवाज को बचपन में जगह मिलती है, वह किशोरावस्था की दहलीज पर पहुंचकर न तो भावनाओं को छुपाता है, न ही विद्रोह की आग में जलता है। वह खुलकर बताता है। दोस्तों की गलत संगत से लेकर पहले प्रेम की घबराहट तक, करियर की उलझनों से लेकर मन में उठती बेचैनी तक, सब कुछ। जिस बच्चे की छोटी-सी बात आज आप धैर्य से सुन लेते हैं, वही बच्चा कल आपकी सबसे बड़ी परेशानी में आपके लिए सबसे भरोसेमंद साथी बन जाता है।

**बिना रोके-टोके सुनें उसकी बात:** अगर आज हम अपने बच्चे की बात को हंसकर, टालकर, 'अरे, बच्चों की बातें हैं।' कहकर किनारे कर देंगे, तो आने वाले वर्षों में वही बच्चे हमारी बात को 'बूढ़ों की जिद' कहकर हवा में उड़ा देंगे। उस दिन हमें हमारा ही घर कैसा लगेगा? उस दिन हमें बहुत तकलीफ होगी यह सोचकर कि हमारे बच्चे हमारी ही नहीं सुनते लेकिन हम यह भूल जाते हैं कि उनके बचपन में संवाद का पुल तो हमने ही तोड़ दिया था। कभी-कभी पूरे भविष्य की दिशा एक ही पल तय कर देता है। इसलिए आज अपने आप से वादा कीजिए, जब आपका बच्चा कुछ कहे तो बीच में रोके-टोके बिना, उसकी पूरी बात सुनिए, क्योंकि बचपन में मिलने वाला यह सुनने का छोटा-सा मौका, जो आज बेहद साधारण लगता है, वही कल रिश्तों को मजबूत रखने वाला सबसे बड़ा आधार बनता है। a

## क्या आप कर चुकी हैं अपने घर को विंटर रेडी!

सजेशन
मधु सिंह

जिस तरह से गर्मी के मौसम में गर्माहट का कम एहसास हो, इसके लिए हम अपने घर में कई बदलाव करते हैं। उसी तरह सर्दी के मौसम में भी कुछ बदलाव कर सकते हैं, इनसे ठंड का एहसास कम होगा। इन छोटे-छोटे और ईजी बदलावों के बारे में आप भी जरूर जानना चाहेंगी।



सर्दी का मौसम शुरू हो चुका है। सुबह और शाम ज्यादा ठंडी महसूस होती है। दिन छोटे होने के कारण शाम को अंधेरा जल्दी होता है। घर से बाहर रहने पर बस मन करता है कि जल्द से जल्द घर में पहुंच जाएं। लेकिन घर में गर्माहट का एहसास तभी होगा, जब आप अपने घर को विंटर रेडी बनाएंगी, अपनी जीवनशैली में जरूरी बदलाव करेंगी। सर्दी के आने वाले दिनों के लिए जब खूब ठंड पड़ेगी, उसके लिए अपने घर को इस तरह तैयार कर लें, जो आपके लिए आरामदायक हो।

**ऐसे बनी रहेगी गर्माहट:** गर्मी के मौसम में जहां हल्के कूलिंग इफेक्ट वाली कॉटन ड्रेसेस की फर्निशिंग जरूरी होती है। ठीक इसके विपरीत सर्दी के मौसम में वुलेन बेडशीट, पर्दे, रग्स, सोफा कवर, तकिए के गिलाफ, कुशन कवर हों तो वे गर्मी को रोकते हैं और कमरे की गर्माहट को बनाए रखते हैं। ऊनी कालीन एक प्राकृतिक इंसुलेटिंग एजेंट की तरह काम करता है। इनसे हम सर्दियों में कमरे को ज्यादा आरामदायक बनाकर ऊर्जा की खपत कम करके कमरों को गर्म रख सकते हैं।

**बेडरूम में मिले कोजी फील:** सर्दी के मौसम में हम सभी का बेडरूम में ज्यादा समय बीतता है। इसलिए जितना संभव हो, उसमें बदलाव करना चाहिए। गर्मियों के लिए हल्के बिस्तर की जगह, वुलेन बेडशीट, पिलो कवर, रग्स, कालीन, पर्दों का इस्तेमाल करें ताकि कमरों में गर्मी बनी रहे। आप रात भर आराम से सो सकें और बेडरूम के लुक को भी खूबसूरत बना सकें। इसके लिए गहरे रंगों की बेड शीट्स, कुशन कवर और पिलो कवर का इस्तेमाल करें, जो गर्माहट लाने में हेल्प करते हैं।

**दरवाजे-खिड़कियों में बदलाव:** सर्दी के दिनों में कमरे की ज्यादातर गर्मी, खिड़की और दरवाजों से निकलती है, इसलिए उन्हें प्लास्टिक की सीलिंग से या बोर्ड से सील करवा दें। उन पर मोटे फैब्रिक वाले पर्दे लगाएं। पर्दे ऐसे होने चाहिए कि धूप और गर्मी अंदर आ सके और जो रात में ठंड को अंदर आने से रोक सके। शाम के बाद दरवाजे और खिड़कियों को बंद करके रखें। बाहर की ओर खुलने वाले दरवाजों की दरारों को सील करवाएं ताकि घर में गर्माइश बनी रहे।


### तैयार कर लें वार्म ड्रेसेस

**आने वाले** दिनों में कड़ाके की ठंड के लिए मोटे फैब्रिक की ड्रेसेस और कंबलों को तैयार रखें। अगर उन्हें ट्रंक या दीवान में स्टोर करके रखा गया है, तो उनको धूप लगवाने के बाद ही इस्तेमाल करें। टोपी, दस्ताने, मोजे और घर के अंदर पहनने के लिए ऐसी चप्पल मंगवा लें, जो पैरों को गर्म रख सकें। हाथ पैर और सिर से ज्यादा ठंड लगती है। इसलिए वुलेन मोजे, दस्ताने और कैप भी निकाल लें।

**पोर्टेबल स्टोव:** जब ठंड ज्यादा बढ़ती है तो आग तापने से बड़ी राहत मिलती है। तापमान गिरने पर आप चाहें तो पोर्टेबल इलेक्ट्रिक हीटर या गैस स्टोव को किचेन के बजाय कहीं अन्य सुविधाजनक स्थान पर रखकर खाना बना सकती हैं, इससे घर को गर्म रखा जा सकता है।

**वैकल्पिक तरीके भी आजमाएं:** सर्दी के दिनों में जब पावर कट ज्यादा होता है तो ऐसे में इलेक्ट्रिक से चलने वाले इंस्ट्रूमेंट्स जैसे हीटर और ब्लोअर यूज नहीं हो पाते हैं। ऐसे में अपने घर को गर्म बनाए रखने के वैकल्पिक तरीके भी रेडी रखें। वार्म पैड या फायर प्लेस को दुरुस्त रखें, ये बिजली की तुलना में सस्ते तो होते ही हैं, बिजली न होने पर ठंड से परेशान होने की बजाय इनके इस्तेमाल से घर को गर्म रखा जा सकता है। यहां बताए गए इन तमाम उपायों को आजमा कर आप अपने घर के वातावरण को आसानी से गर्म रख सकती हैं। a

## इस मौसम में ऐसे करें बालों की देखभाल



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट



सर्दी के मौसम में कम तापमान की वजह से बालों में खुश्की बढ़ जाने से बाल काफी खराब हो जाते हैं। इस मौसम में ज्यादातर लोग बालों को धोने के लिए गर्म पानी का उपयोग करते हैं। इससे बालों में खुश्की हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि सर्दी के मौसम में गुनगुने पानी का उपयोग करें और गर्म पानी से नहाने से परहेज करें। जिससे बालों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। गर्म पानी बालों से प्राकृतिक तेल सोख लेता है, जिससे बाल शुष्क हो सकते है। इसके साथ ही डेंड्रफ और स्कैल्प में खुजली की समस्या भी हो सकती है। सामान्य तापमान के और गुनगुने पानी से नहाने से बालों में नमी बरकरार रहती है और बाल मुलायम, चमकदार बने रहते हैं।

**कंडीशनर का यूज करें:** सर्दी के मौसम में ऐसे शैंपू और कंडीशनर का उपयोग करें, जो बालों को नमी प्रदान करते हों। इन उत्पादों में एलोवेरा, शिया बटर और किरेटिन आदि तत्वों से बालों को पोषण मिलेगा और बालों में नमी बरकरार रहेगी। सर्दियों में लाइट वेट हाइड्रेटिंग सीरम और लीव इन कंडीशनर के उपयोग से बालों में नमी बनी रहेगी और बाल मुलायम बने रहेंगे। अल्कोहल और सल्फेट युक्त शैंपू या कंडीशनर बालों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।


**नारियल तेल:** बालों में लगातार खुश्की की वजह से डेंड्रफ की समस्या गंभीर हो जाती है। डेंड्रफ और दो मुंहे बालों की समस्या से निपटने के लिए गर्म तेल से मालिश काफी लाभदायक साबित होती है। सप्ताह में एक या दो बार शुद्ध नारियल तेल को गर्म करके इसे सिर पर लगाएं। इसके बाद एक तौलिए को गर्म पानी में डुबोकर निचोड़ लें और 5 मिनट तक सिर पर बांध लें। इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहरा लीजिए और तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए। अगर आपके बालों में डेंड्रफ है तो अगली सुबह सिर में नीबू का रस लगाकर 15 मिनट बाद बालों को धो लें। बालों को धोने के लिए हल्के गर्म पानी का ही प्रयोग करें। शैंपू करने के बाद पानी के मग में दो चम्मच सिरका डालकर बालों को धो लें फिर अच्छे तरीके से साफ पानी से भी बालों को धो डालें।

**मसाज जरूर करें:** रूखापन बढ़ने की वजह से बालों में नमी और तैलीयपन में कमी आ जाती है। इससे बालों में पोषाहार की जरूरत ज्यादा बढ़ जाती है। बालों में नारियल तेल की मालिश से बालों को पोषाहार मिलता है। यदि आप नारियल तेल लगाकर हल्की-हल्की मालिश करती हैं तो इससे बालों की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाता है। बालों को हल्के से तेल से मालिश करने के लिए केवल फिंगर टिप्स का ही सहारा लीजिए और सिर को हल्के-हल्के से विभिन्न दिशाओं में घुमाइए। इससे बालों की कोशिकाओं में अच्छी तरह ब्लड फ्लो होता है। तेल को रात भर बालों में लगा रहने दीजिए और अगले दिन सुबह बालों को गुनगुने पानी से धो डालिए। बालों को तौलिए से रगड़ने की बजाय, तौलिए को सिर पर बांधें ताकि बालों में मौजूद पानी तौलिए में समा जाए। अगर बाल शुष्क और नाजुक हों तो ड्रायर का यूज न करें। बालों को प्राकृतिक तौर पर सूखने दें। अगर आप हेयर ड्रायर का उपयोग करती है तो उसे बालों से कम से कम 10 इंच दूरी पर रखें। a

## जब जाएं वर्केशन पर रखें इन बातों का ध्यान

एडवाइस
प्रतिभा अग्निहोत्री

वर्क फ्रॉम होम करने वाले यंगस्टर एक जगह काम करते ऊब जाते हैं, इसलिए वे अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर काम करना पसंद कर रहे हैं। अगर आप भी वर्केशन पर जा रही हैं तो किन बातों का ध्यान रखें, जानें।



इंग्लिश वर्ड वर्क-वेकेशन से मिलकर बना यह शब्द 'वर्केशन' आज की जेन जी यंगस्टर्स का सबसे फेवरेट शब्द है, जिसमें वे एक जगह रुककर काम करने के स्थान पर अलग-अलग रिमोट एरियाज में जाकर ऑफिस वर्क करते हैं। आजकल अधिकांश कंपनियों ने अपने एंप्लॉइज को वर्क फ्रॉम होम दे दिया है, जिसके कारण वे एक कमरे में बैठकर काम करते हैं। निरंतर एक ही स्थान पर काम करने के कारण धीरे-धीरे उन्हें काम और जगह दोनों से ही बोरियत होना शुरू हो जाती है, फिर उनका काम में मन नहीं लगता। इस बोरियत से बचने के लिए यंगस्टर अपना लैपटॉप और ऑफिस का अन्य जरूरी सामान लेकर दूर-दराज के टूरिस्ट प्लेस पर चले जाते हैं, वहां रहकर वर्किंग ऑवर में काम करते हैं, शेष समय में वे आस-पास की जगहों पर घूमते हैं। इस तरह वे वर्क और वेकेशन दोनों एक साथ कर लेते हैं। यदि आप भी वर्केशन पर जाने का प्लान कर रही हैं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें-

**समय से कर लें बुकिंग:** जिस भी जगह पर आप जाने का प्लान कर रही हैं, उसका प्लान पहले से बनाएं और समय रहते, रहने की बुकिंग कर लें ताकि आप निश्चिंत होकर अन्य तैयारियों पर ध्यान दे सकें।

**नेटवर्क है बहुत जरूरी:** चूंकि आजकल सारे काम इंटरनेट के माध्यम से होते हैं, इसलिए स्थान चुनने से पहले वहां नेटवर्क की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें, क्योंकि कुछ पर्यटक स्थलों पर नेटवर्क की बहुत प्रॉब्लम रहती है। नेटवर्क न होने पर आपका काम प्रभावित हो सकता है।

**जानकारी लेकर और देकर जाएं:** जिस स्थान पर आप जा रही हैं, उसकी पूरी जानकारी यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम या फिर अपने परिचितों से लेकर जाएं, ताकि आप अपनी तय जगह पर जाकर काम करने के साथ-साथ सुगमता से घूम भी सकें। अपने परिवारजनों और मित्रों को गंतव्य स्थल की पूरी जानकारी देकर जाएं ताकि आपात स्थिति में आपसे संपर्क किया जा सके।

**पैरेंट्स को यूं करें तैयार:** अकसर अविवाहित युवा बेटियों को इस तरह से अकेले वर्केशन पर भेजने के लिए पैरेंट्स तैयार नहीं होते, ऐसे में विरोध करने की बजाय उन्हें प्यार से वर्केशन के बारे में डिटेल जानकारी दें ताकि वे खुशी-खुशी मानसिक रूप से तैयार हो सकें।

**बजट का रखें ध्यान:** चूंकि वर्केशन के दौरान आप अधिक समय तक एक ही जगह पर रहती हैं, इसलिए बजट फ्रेंडली प्लेस का सेलेक्शन करना बहुत जरूरी है ताकि आप कम खर्चे में वर्केशन एंज्वॉय कर सकें।

**जरूरी उपकरण लेकर जाएं :** रोमिंग सिम कार्ड, पावर बैंक, मोबाइल और लैपटॉप का चार्जर आदि अपने साथ लेकर जाएं।

**जरूरी दवाएं साथ रखें:** यदि आप कोई मेडिसिन लेती हैं तो उसे पर्याप्त मात्रा में लेकर जाएं। इसके साथ-साथ बुखार, पेटदर्द, सिरदर्द और वॉमिटिंग की दवाएं भी अपने साथ जरूर लेकर जाएं ताकि जरूरत पड़ने पर आप उनका उपयोग कर सकें। a

## खबर संक्षेप


प्रो. नसीब सिंह गिल।

### फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम में हुआ विशेष व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर, प्रो. नसीब सिंह गिल ने यूजीसी प्रायोजित चार सप्ताह के ऑनलाइन फैकल्टी इंडक्शन प्रोग्राम-9 में बतौर रिसोर्स पर्सन विशेषज्ञ सत्र प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर, जीजेयूएसटी, हिसार द्वारा शिक्षकों के लिए आयोजित किया जा रहा है।
प्रो. नसीब सिंह गिल ने ओवरव्यू एंड हैंड्स-ऑन एलएमएस-मूडल विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए आईएलएमएस (इनफ्लिबनेट एलएमएस) का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। उन्होंने क्लास निर्माण, नया कोर्स बनाना, मॉड्यूल शेड्यूल करना, असाइनमेंट तैयार करना और क्विज़/एमसीक्यू आधारित मूल्यांकन जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएँ व्यावहारिक तौर पर समझाईं। इसके साथ ही उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यम से शिक्षण, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और शिक्षण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका पर भी उपयोगी विचार साझा किए। इस सत्र में एमएमटीटीसी-जीजेयू के डॉ. अनुराग सांगवान और डॉ. विकास ने प्रो. गिल का स्वागत किया।

### सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता पर जोर

**बहादुरगढ़।** एचएसआईआईडीसी की ओर से सेक्टर-16 में लगभग साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत से तारकोल सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने सोमवार को संबंधित अधिकारियों के साथ साइट पर पहुंचकर कार्य प्रगति का निरीक्षण किया। जेई संदीप ने बताया कि विभाग ने ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### डीसी ने बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अवलोकन किया, सुंदर प्रस्तुति देने वाले प्रतिभागी हुए सम्मानित

# सुंदर प्रस्तुतियों और शोभायात्रा के साथ संपन्न हुआ तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

कार्यक्रम में छात्रों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, समापन पर शहर में शोभायात्रा भी निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

तीन दिवसीय गीता महोत्सव का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर छात्रों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समापन पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। इससे पूर्व उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के तीसरे व अंतिम दिन सोमवार को हवन में पूर्ण आहुति डाली तथा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों के साथ पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला परिसर में आयोजित प्रदर्शनी तथा स्टॉलों का निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने भी रंगशाला परिसर में पहुंचकर गीता महोत्सव में शिरकत की। उन्होंने स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अवलोकन किया। शिक्षा भारती कन्या विद्यालय की छात्राओं द्वारा समूह नृत्य व संवाद की प्रस्तुतियां दी गई। जैन कन्या स्कूल तथा महेंद्रा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एकल नृत्य की प्रस्तुति पर तालियां बटौरी। स्वामी नित्यानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने श्लोक उच्चारण किया। डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल द्वारा निर्देशित मुरादाबाद की टीम द्वारा भव्य कृष्ण लीलाओं का सजीव चित्रण किया गया। गीता महोत्सव के दौरान रंगशाला परिसर में स्टॉल लगाने वाले विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।विभिन्न विभागों द्वारा तीनों दिन स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी तथा मौके पर योजनाओं का लाभ भी दिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच के अलावा महिलाओं की स्तन कैंसर की मोबाइल वैन से जांच की गई। जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए तथा सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण भी किया गया। पंजाब नेशनल बैंक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उद्यान विभाग, स्वयं सहायता समूह, ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, वीटा, सहकारी चीनी मिल, स्वामी नित्यानंद स्कूल, नटवर गीता/इस्कॉन समिति, महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट, भारत विकास परिषद, डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति व क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण, जीओ गीता परिवार, शिक्षा विभाग, आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा स्टॉल लगाये गए। महोत्सव आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम के मुख्यातिथि उपायुक्त सचिन गुप्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान, भाजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, दीपक निवास हुड्डा, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक तथा अन्य अधिकारीगण को स्मृतिचिन्ह, शॉल व गीता भेंट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव के अंतिम दिन भव्य नगर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा को दुर्गा भवन मंदिर से मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम एव महंत कपिलपुरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह नगर शोभायात्रा दुर्गा भवन मंदिर से चलकर पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला में संपन्न हुई, जहां पर भाजपा के युवा नेता दीपक निवास हुड्डा ने गीता को मुख्य मंच तक पहुंचाया। मुख्य मंच पर गीता पाठ किया गया। गौकर्ण धाम में गीता आरती एवं दीप दान के साथ समापन हुआ। यात्रा में तीन बैंड, एक रथ व 9 भव्य झांकियां शामिल थी। प्रथम रथ में गीता की पालकी में पवित्र ग्रंथ गीता विराजमान रही। यात्रा संपन्न होने पर गीता महोत्सव परिसर में पहुंची पवित्र ग्रंथ गीता को भाजपा नेता दीपक निवास हुड्डा ने सिर पर उठाकर मुख्य मंच पर स्थापित किया तथा गीता आरती भी की।इस अवसर पर परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी, सुभाष तायल, विपिन गोयल, स्नेह गोयल, अमित नागपाल, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला, खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल, एलडीएम महाबीर प्रसाद सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी तथा संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


रोहतक। नारियल तोड़कर शोभायात्रा का शुभारंभ करते महंत कपिल पुरी महाराज। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। प्रतिभागियों को सम्मानित करते उपायुक्त सचिन गुप्ता,भाजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका व अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

#### मुख्यमंत्री का वर्चुअली संदेश सुनाया

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कुरुक्षेत्र से वर्चुअली संदेश भी उपस्थितगण को सुनवाया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजबाला, खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल, कृष्णा रंजन, डीआई सिद्धार्थ, प्राध्यापिका रितु मलिक नांदल व मनीषा पंवार, जीओ गीता परिवार से विपिन गोयल व स्नेह गोयल, अमित नागपाल, आचार्य शक्ति देव आदि उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत व गणेश वंदना से हुआ। इसके उपरांत विद्याश्री इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने कल्की व समूह नृत्य की भव्य प्रस्तुतियां दी। जॉन वेस्ले स्कूल के विद्यार्थियों ने समूह गान व समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा काव्य पाठ तथा संवाद की प्रस्तुतियां दी गई।

#### विद्यार्थियों ने सामूहिक श्लोक उच्चारण किया

भाजपा के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल, नरेंद्र खट्टर व दीपक निवास हुड्डा ने भी गीता महोत्सव में शिरकत की। सचिन गुप्ता ने अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडी शुभम तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ हवन में पूर्ण आहुति डाली। उन्होंने जीओ गीता परिवार के स्टॉल में पहुंचकर गीता पूजा की तथा दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। भाजपा के युवा नेता दीपक निवास हुड्डा, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार व मंडल आयुक्त के ओएसडीएम शुभम तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने गीता महोत्सव के समापन अवसर पर तीन दिवसीय गीता महोत्सव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

#### शोभा यात्रा में निकली मनमोहक झांकियां

शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण व गीता पर आधारित 9 भव्य झांकियों के अलावा 3 बैंड शामिल रहे। झांकियों में राधा कृष्ण की झांकी, भगवान शंकर-पार्वती की झांकी, भगवान श्री कृष्ण-अर्जुन की झांकी, भगवान श्री कृष्ण-सुदामा झांकी, गणेश जी की झांकी, भगवान श्री कृष्ण-कंस युद्ध की झांकी, भगवान श्री कृष्ण-वासुदेव-देवकी झांकी, गोपियों के साथ रास रचाते भगवान श्री कृष्ण की झांकी तथा भगवान शंकर की झांकी शामिल रही।भव्य नगर शोभा यात्रा लोगों को गीता के संदेश से जागरूक करते हुए भिवानी स्टैंड, शांतमई चौक, गोहाना अड्डा, नागरिक अस्पताल चौक, आकाशवाणी केंद्र चौक, पुलिस लाइन, अंबेडकर चौक, सोनीपत स्टैंड होते हुए पंडित श्रीराम शर्मा रंगशाला में संपन्न हुई।

# एड्स मरीजों के लिए एआरटी सेंटर पर निःशुल्क दवाइयां व 2250 की आर्थिक सहायता उपलब्ध

- विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य ने एड्स जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। यह जागरूकता अभियान 1 दिसम्बर 2025 से 12 जनवरी 2026 तक चलेगा। डॉ. आर्य ने बताया कि रोहतक में वर्तमान में एआरटी पर 4469 मरीज पंजीकृत हैं, जिनमें से 1250 मरीजों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही पीजीआईएमएस में प्रतिमाह 40 से 50 नए एचआईवी संक्रमित मरीज सामने आ रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट नोडल ऑफिसर एड्स कंट्रोल प्रोग्राम, डॉ. सतपाल ने कहा कि इस वर्ष की थीम व्यवधान को कम करना और एड्स की प्रतिक्रिया को बदलना है। उन्होंने बताया कि एड्स असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, सुई-सिरिंज एवं संक्रमित गर्भवती मां से नवजात शिशु को फैल सकता है, जबकि हाथ मिलाने, साथ खाने, शौचालय उपयोग या मच्छर काटने से नहीं फैलता। विस्तृत जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 उपलब्ध है। हरियाणा सरकार द्वारा एचआईवी-एड्स मरीजों को एआरटी सेंटर पर निःशुल्क दवाइयां व 2250 रुपये मासिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। रोहतक जिला अस्पताल, एसडीएच. महम, कलानौर, सांपला व पीजीआईएमएस में एचआईवी की जांच निःशुल्क व गोपनीय रखी जाती है।


रोहतक। एड्स जागरूकता अभियान को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र आर्य। फोटो : हरिभूमि

### सनराइजर्स ने गोयल क्रिकेट क्लब को 164 रन से पराजित किया

**रोहतक।** सनराइजर्स रोहतक और गोयल क्रिकेट क्लब के बीच सोमवार को खेले गए लीग मैच में सनराइजर्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 164 रन से जीत दर्ज की। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40.5 ओवर में 316 रन बनाए। टीम की ओर से भव्य शर्मा ने 58 गेंदों में 99 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। अज़ल सिवाच ने 36 रन और परीक्षित राठी ने 36 रन का योगदान दिया। शुरुआती बल्लेबाज ऋषभ ने 37 गेंदों पर 51 रन बनाए। टीम ने लगातार आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा किया। गोयल क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी में ध्रुव शर्मा ने तीन विकेट, कमल नायक ने तीन विकेट और ध्रुव ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब की टीम 33.1 ओवर में 152 रन पर सिमट गई।

# बीएमयू की छात्रा तन्नू ने खेलो इंडिया प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

खेलो इंडिया प्रतियोगिता के तहत भरतपुर में आयोजित खेल मुकाबलों में बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तन्नू पुत्री जगदीश ने कुश्ती भार 65 किलोग्राम में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। तन्नू ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार तकनीक और संतुलित आत्मविश्वास के साथ मुकाबला किया। उनके प्रदर्शन ने न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया। सिल्वर मेडल खिलाड़ी तन्नू ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए बेहद खास है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने हर कदम पर उनका साथ दिया, और उनके कोच मनीष ने लगातार मेहनत कराई, जिसका सीधा असर उनके प्रदर्शन में दिखा। विवि की ओर से यूनिवर्सिटी कोऑर्डिनेशन मैनेजर डॉ. सोनिका प्रतियोगिता के दौरान लगातार उनका उत्साह बढ़ाती रहीं।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी. एम. यादव ने तन्नू को बधाई देते हुए कहा कि खेलों में छात्रों की सफलता संस्थान की सकारात्मक शैक्षणिक और खेल संस्कृति को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि तन्नू जैसी प्रतिभाएं अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं।


रोहतक। छात्रा तन्नू को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

#### तन्नू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

डॉ. यादव ने आशा जताई कि आने वाले वर्षों में विश्वविद्यालय खेलों में और मजबूत पहचान बनाएगा। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने भी तन्नू की उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को बेहतर माहौल, प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर काम कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि तनु भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी। इस अवसर पर डिप्टी रजिस्ट्रार एमएल बत्रा, स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. बबलू शर्मा, डॉ. ब्रिजेश, डॉ. अमित, डॉ. प्रीति सांगवान और तनु के पिता जगदीश भी मौजूद रहे। सभी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मानसिक स्वास्थ्य एवं दिव्यांगता पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

# पोस्टर व स्लोगन में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

- एमडीयू के सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसएबिलिटी स्टडीज में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और संवेदनशीलता के साथ किया गया। सीडीएस निदेशक प्रो प्रतिमा देवी ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों के प्रति जागरूकता, समावेशी दृष्टिकोण और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना रहा। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिनमें एमडीयू के विभिन्न विभागों, केंद्रों, संस्थानों तथा स्पेशल एजुकेशन कार्यक्रम संचालित करने वाले संबद्ध महाविद्यालयों से लगभग 90 प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और सामाजिक संवेदना का प्रभावी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान मेंटल हेल्थ एंड डिसएबिलिटीः रिड्यूसिंग स्टिग्मा विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किया गया। इसमें प. बीडी शर्मा पीजीआईएमएस, रोहतक के क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. जोगिंदर कैरो ने दिव्यांगजनों के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक कलंक और भावनात्मक आवश्यकताओं पर सारगर्भित विचार रखते हुए प्रतिभागियों को संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके व्याख्यान ने उपस्थित शिक्षार्थियों और संकाय सदस्यों पर गहरा प्रभाव छोड़ा। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अथिति डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग तथा प्रो. सोनू देहमीवाल, डिप्टी डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने विजेताओं को सम्मानित किया।


रोहतक। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्य अथिति डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग तथा प्रो. सोनू देहमीवाल, डिप्टी डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर व अतिरिक्त निदेशक और प्रो. राधेश्याम। फोटो : हरिभूमि

#### कार्यक्रम को सराहा

प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां न केवल रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि समाज में दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता और समावेशिता को भी बढ़ावा देती हैं। प्रो. प्रतिमा देवी, निदेशक, सीडीएस ने इस कार्यक्रम का संयोजन और समन्वयन किया। प्रो. योगेंद्र सिंह, अतिरिक्त निदेशक और प्रो. राधेश्याम, मुख्य सलाहकार ने आयोजन सहयोग दिया। सिरतार रोहतक के आईएसएल शिक्षकों, इंटरप्रेटर्स और संकाय सदस्यों ने सक्रिय सहयोग देते हुए कार्यक्रम के कुशल और सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया। इस अवसर पर लॉ विभाग के अध्यक्ष प्रो जितेंद्र ढुल, प्रो सत्यपाल, सिरतार के निदेशक डॉ एडी पासवान, सीसीपीसी निदेशक प्रो दिव्या मल्हान, एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो सविता राठी, ऑडिटर सीमा, नरेश अहलावत, सुनील कुमार उपस्थित रहे।

# सही राम स्कूल में गीता महोत्सव की धूम बच्चों ने निकाली अर्जुन के रथ की झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

द रॉयल ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा संचालित कस्बा महम के सहीराम स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतर राष्ट्रीय गीता महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने अर्जुन के रथ की झांकी निकाली, जिसमें अर्जुन अपने धनुष के साथ बैठे हुए हैं और रथ में श्री कृष्ण भी सुदर्शन चक्र के साथ सारथी के रूप में मौजूद हैं। बच्चों ने में ब्लॉक स्तरीय अष्टादश श्लोकी गीता श्लोक उच्चारण समारोह में भी भाग लिया। कार्यक्रम की आध्यात्मिक गम्भीरता और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए विद्यालय परिसर को परंपरागत शैली में सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भारतीय संस्कृति और वैदिक ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। एसडीएम मुकुंद तंवर ने बतौर मुख्य अतिथि समारोह में शिरकत की। उन्होंने सरस्वती माता का दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा विद्यार्थियों द्वारा गीता के श्लोकों के सामूहिक उच्चारण की सराहना करते हुए कहा कि गीता जीवन का मार्गदर्शन है और युवा पीढ़ी को इसके सिद्धांतों से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।


महम। गीता जयंती समारोह में भाग लेते अधिकारी, शिक्षक व जनप्रतिनिधि।

#### गीता के उपदेश जीवन के लिए हितकारी

विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि गीता के उपदेश बच्चों में न केवल नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं बल्कि उन्हें जीवन की कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों के पालन की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की सबसे विशेषता रही कि विद्यालय के लगभग 850 विद्यार्थियों ने एक साथ अष्टादश श्लोकी गीता का सामूहिक पाठ किया, जिससे पूरा परिसर "धर्म, कर्म, ज्ञान और आध्यात्मिक ऊर्जा" से भर गया। समारोह में वीरमती बामल, बृजमोहन, विरेंद्र बामल, शीला दुहन, सुशील गुप्ता, सतीश शास्त्री, वेदप्रकाश, अजीत, सतीश, मीना, राकेश व संध्या समेत इलाके के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## नशा तस्करों पर रोहतक पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दो लग्जरी गाड़ियों से 2.26 करोड़ का गांजा बरामद

तीन युवकों को गिरफ्तार कर कब्जे से 452 किलो 620 ग्राम गांजा जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

पुलिस ने जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए एएनसी स्टाफ रोहतक की टीम ने दो लग्जरी गाड़ियों में सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 452 किलो 620 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी स्थानीय बाजार में कीमत करीब 2 करोड़ 26 लाख रुपये आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ थाना सांपला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।



रोहतक। नशा तस्करी के आरोपित पुलिस की गिरफ्त में फोटो : हरिभूमि

### मन्नत ढाबा के पास वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े आरोपी

उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश कुमार ने बताया कि एएनसी स्टाफ प्रभारी पीएसआई मनोज कुमार और सउपनि अनिल के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव इस्माइला स्थित एनएच-9 पर मन्नत ढाबा के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि उड़ीसा से बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ लेकर कुछ युवक लग्जरी वाहनों में रोहतक की तरफ आ रहे हैं। पुलिस टीम ने फ्लाईओवर, रोहतक-दिल्ली रोड, दीनबंधु सर छोटूराम पॉलिटेक्निक सांपला के पास नाकाबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू की। कुछ देर बाद दिल्ली की तरफ से आ रही महिंद्रा लग्जरी वाहनों को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन गाड़ी सवार युवक भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस टीम ने दोनों गाड़ियों को रुकवाया और तीनों युवकों को काबू कर लिया।

### सोनीपत के एक ही गांव के हैं आरोपी

नियम अनुसार तलाशी लेने पर कार से 253 किलो 280 ग्राम, जबकि जीप कम्पास से 199 किलो 340 ग्राम, इस प्रकार कुल 452 किलो 620 ग्राम गांजा बरामद किया गया। तीनों आरोपियों की पहचान राहुल निवासी गांव गढ़बाल, जिला सोनीपत, बिजेंद्र निवासी गांव गढ़बाल जिला सोनीपत व दीपक निवासी गांव गढ़बाल जिला सोनीपत के रुप में हुई। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एफआईआर के तहत मामला दर्ज किया गया।

### ओडिशा से लाते थे गांजा, रोहतक-सोनीपत में सप्लाई

प्रारंभिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि तीनों आरोपी एक-दूसरे के मित्र हैं और सभी एक ही गांव के रहने वाले हैं। आरोपियों ने कबूल किया कि वे ओडिशा से गांजा लाकर रोहतक, सोनीपत और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करते थे। आरोपी पहले भी कई बार उड़ीसा से नशीला पदार्थ लाकर बिक्री कर चुके हैं, लेकिन पहली बार पुलिस के हत्थे चढ़े हैं।

### पूरे नेटवर्क को पकड़ने की तैयारी

पुलिस ने बताया कि आरोपियों से रिमांड अवधि के दौरान गहनता से पूछताछ की जाएगी, ताकि नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके। पुलिस उन सभी लोगों की पहचान करने में जुटी है, जो इस अवैध कारोबार में शामिल हैं। चाहे वे नशीला पदार्थ बेचने वाले हों, खरीदने वाले हों, सप्लाई में सहयोग करने वाले हों या आरोपियों को शरण देने वाले हो। एएनसी स्टाफ और जिला पुलिस की टीमें लगातार दबिश देकर नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश कर रही हैं। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पूरे गिरोह को जल्द बेनकाब कर दिया जाएगा।

## दिव्यांग सहायता जांच शिविर कल

रोहतक। हरिओम सेवा दल द्वारा बुधवार को सेक्टर-4 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बाबू मिट्ठन लाल गिरिश गुप्ता सहारा आश्रम में निशुल्क दिव्यांग जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन के सहयोग से उनकी माता स्व. सुशीला देवी जैन की पुण्य तिथि एवं अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होगा। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि शिविर में दिव्यांग जांच, सामान्य रोग निदान, मेमोग्राफी, फेफड़ों की जांच, फिजियोथेरेपी, नेत्र परीक्षण, रक्त शर्करा व बीपी जांच सहित आवश्यक दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम में आर्यिका डॉ. सरस्वती भूषण माता के सानिध्य में विशेष आमंत्रण एवं मंगल प्रवचन भी आयोजित होगा। मुख्य अतिथि के रूप में एम.डी. राजेश जैन उपस्थित रहेंगे। वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में जरूरतमंद दिव्यांगजनों की जांच की जाएगी तथा योग्य पाए गए लाभार्थियों को व्हीलचेयर, वॉकर, छड़ी, कृत्रिम हाथ-पैर, ट्राइसाइकिल तथा चश्मों हेतु परीक्षण कर उपकरण वितरित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में निकिता प्रथम

रोहतक। महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में एड्स दिवस पर यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय बाधाओं पर विजय एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन रखा गया। इसमें निकिता ने प्रथम, पूजा ने द्वितीय एवं वंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर रश्मि लोहचब ने सभी विजेता छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एड्स रोगियों को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मिलजुल कर प्रयास से ही इस बीमारी की रोकथाम की जा सकती है। हमें एड्स दिवस पर शपथ लेनी चाहिए कि हम अपनी जानकारी से ही इस बीमारी को बढ़ने से रोकेंगे। इस अवसर पर आईआरसी काउंसलर डॉक्टर दीपिका एवं संतोष आदि उपस्थित रहे।



### इमसार के छात्रों ने किया शैक्षिक दौरा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज एंड रिसर्च के विद्यार्थियों ने इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का शैक्षणिक दौरा। यह भ्रमण टूर एंड ट्रैवल क्लब, इमसार द्वारा संयोजक प्रो. करमवीर श्योकंद तथा प्राध्यापक डॉ. आरती, डॉ. प्रियंका यादव और डॉ. सपना के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इमसार के निदेशक प्रो. प्रदीप अहलावत ने विद्यार्थियों के इस दल को रवाना किया। इस दौरे के दौरान एमबीए विद्यार्थियों ने व्यवसाय, विपणन, उपभोक्ता व्यवहार और व्यापारिक प्रक्रियाओं से जुड़ी वास्तविक जानकारियां प्राप्त कीं। छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय पवेलियन, हैंडीक्राफ्ट स्टॉल, ऑर्गेनिक उत्पाद डिस्प्ले, टेक्नोलॉजी जोन और होम डेकोर सेक्शन जैसी प्रमुख प्रदर्शनी इकाइयों का अवलोकन किया। इन प्रदर्शनों के माध्यम से उन्हें उत्पाद प्रस्तुतीकरण, मूल्य निर्धारण, प्रचार रणनीतियां, ब्रांडिंग शैली और बूथ डिजाइन जैसी महत्वपूर्ण मार्केटिंग तकनीकों की समझ विकसित हुई। छात्रों ने यह भी देखा कि विभिन्न देश और कंपनियां किस प्रकार ब्रांड स्टोरीटेलिंग, सांस्कृतिक आकर्षण, ग्राहक जुड़ाव और अनुभवात्मक विपणन का प्रयोग कर आगंतुकों को आकर्षित करते हैं। भारतीय राज्यों के पवेलियनों ने क्षेत्रीय ब्रांडिंग, पारंपरिक उत्पादों में वैल्यू एडिशन, सप्लाई चेन लिंकिंग और बाजार विभाजन के व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत किए।



### कैलाश आश्रम में मनाई गीता जयंती

रोहतक। कैलाश आश्रम में गीता जयंती का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के दौरान गीता शंकर भाष्य गीता मूल पाठ तथा गीता प्रश्नोत्तरी जैसी विविध गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि राधेश्याम ढल और विजय गोयल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए और जीवन में श्रीमद्भगवद्गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। गीता प्रश्नोत्तरी में 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें पिंकी मित्तल प्रथम, डॉ. मंजु चुघ द्वितीय और वीरा नारंग व पुष्पा शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक ओम प्रकाश ढल और अनीता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. वीरा चुघ ने की। उन्होंने कहा कि गीता जीवन की सभी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करती है और हमें संयम, सहनशीलता, सौम्यता, निस्वार्थ कर्म तथा आत्मशुद्धि का मार्ग दिखाती है। साथ ही गीता परिवार, समाज और राष्ट्र में एकता एवं अखंडता का संदेश देती है। उन्होंने सभी से प्रतिदिन गीता का पठन-पाठन करने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र अग्रवाल, डॉ. हरीश मेहता, कविंद्र चुघ, कमलेश अग्रवाल, अनिरुद्ध, राज मित्तल, सुनीता चावला सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### एमडीयू के दूरस्थ व ऑनलाइन कोर्स पूरी तरह मान्य

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने अपने दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा कार्यक्रमों को लेकर मीडिया में प्रकाशित एक समाचार पर गंभीर संज्ञान लेते हुए आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी किया है। विश्वविद्यालय ने कहा है कि सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडिओई) के माध्यम से संचालित सभी कार्यक्रम यूजीसी के ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग एवं ऑनलाइन प्रोग्राम्स रेगुलेशंस के पूर्ण अनुपालन में चल रहे हैं।
एमडीयू के अनुसार, दूरस्थ और ऑनलाइन शिक्षा से संबंधित सभी आवश्यक स्वीकृतियां सक्षम नियामक प्राधिकरणों से विधिवत प्राप्त हैं, जो शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए वैध हैं। जिन कार्यक्रमों में प्रवेश पहले ही हो चुका है, वे विद्यार्थियों के अध्ययन पूरा करने तक पूरी तरह मान्य रहेंगे।
विश्वविद्यालय ने यह भी बताया कि यूजीसी–डीईबी द्वारा सत्र 2025–26 में सीडिओई के माध्यम से प्रवेशित सभी विद्यार्थियों के लिए डीईबी आईडी आवंटित कर दी गई है, जो कार्यक्रमों की वैधता की पुष्टि करती है।
विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को विश्वास दिलाया है कि सभी नामांकित विद्यार्थी अपनी पढ़ाई, परीक्षाओं, मूल्यांकन व डिग्री प्राप्ति की प्रक्रिया को बिना किसी रुकावट के पूरा कर सकेंगे। एमडीयू ने हितधारकों से अपील की है कि वे केवल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट [www.mdu.ac.in](http://www.mdu.ac.in) तथा कुलसचिव कार्यालय या निदेशक, सीडिओई द्वारा जारी अधिकृत सूचनाओं पर ही भरोसा करें। विश्वविद्यालय ने कहा कि कुछ तत्व आधारहीन जानकारी फैलाकर संस्थान की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि एमडीयू उच्च शिक्षा और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्ध है।



### भोली ठाकुर ने जीता हिन्द केसरी का ख़िताब

रोहतक। बनियानी गांव के नाम को एक बार फिर गौरवान्वित करते हुए गांव के उभरते हुए पहलवान भोली ठाकुर ने प्रतिष्ठित कुश्ती प्रतियोगिताओं में रुस्तम-ए-पंजाब और हिन्द केसरी जैसे बड़े खिताब जीतकर नया इतिहास रच दिया है। भोली ठाकुर के गांव वापस लौटने पर ग्राम पंचायत और हनुमान मंदिर कमेटी की ओर से जोरदार स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ ग्रामीणों ने उन्हें सम्मान दिया। पूरे गांव में जश्न जैसा माहौल देखने को मिला। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि भोली ठाकुर की यह उपलब्धि न केवल गांव बल्कि पूरे इलाके के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। वहीं हनुमान मंदिर कमेटी ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। भोली ठाकुर ने अपने गुरुजनों और गांववासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे गांव का आशीर्वाद और उनकी मेहनत का परिणाम है। उन्होंने आगे भी देश-प्रदेश के लिए मेडल जीतने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर गांव के सरपंच रामजीवन वेद प्रकाश वीरेंदर फौजी विजय चौहान महेंद्र ठाकुर माटी कला के सदस्य नरेंद्र प्रजापत राजेश प्रधान संदीप सुमित बिट्टू उमेश आदि मौजूद रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में गीता जयंती का भव्य आयोजन

रोहतक। डीएवी पब्लिक स्कूल में गीता जयंती का उत्सव अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पांचवीं और छठी के छात्रों ने गीता महोत्सव के तहत विविध गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या रिंकु वर्मा के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुई। उन्होंने गीता को जीवन का मार्गदर्शक ग्रंथ बताते हुए कहा कि इसके उपदेश छात्रों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सदाचार का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को गीता के सरल, व्यवहारिक और नैतिक संदेशों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से गीता के चयनित श्लोकों का सस्वर पाठ किया गया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर आध्यात्मिक वातावरण से भर उठा। साथ ही छात्र-छात्राओं ने गीता महिमा पर आधारित भाषण, प्रश्नोत्तरी तथा संवाद-प्रस्तुति में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाते हैं, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों और सकारात्मक जीवन दृष्टि का भी निर्माण करते हैं। इस पावन अवसर पर लगभग दो सौ से अधिक विद्यार्थी और शिक्षक सक्रिय रूप से शामिल हुए और आयोजन को सफल बनाया।



डीएवी स्कूल में आयोजित गीता जयंती महोत्सव में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि







रोहतक। स्कॉलर रोजरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी व समारोह में विजेताओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि।

## स्कॉलर्स रोजरी के वार्षिकोत्सव में भक्ति का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

स्कॉलर्स रोजरी स्कूल की कक्षा एक, दो और केजी द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर ऑडिटोरियम में अत्यंत उत्साह, उल्लास और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्ति, सत्य, एकाग्रता और साहस जैसे जीवन मूल्यों का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड मजिस्ट्रेट आशीष कुमार अपनी पत्नी रुचि विशिष्ठ के साथ तथा नगर निगम रोहतक के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या, डायरेक्टर और मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात शास्त्रीय संगीत और समूह गायन की प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार में भक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया। कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों ने पावर ऑफ डिवोशन शीर्षक प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया कि भक्ति केवल ईश्वर आराधना नहीं, बल्कि सत्य, साहस, निष्ठा और समर्पण जैसे गुणों को जीवन में अपनाने का मार्ग है। शबरी और जटायु की प्रेरक कथाओं से बच्चों को दृढ़ता और निर्भीकता का संदेश दिया।

### मंच पर भगवान श्रीराम के बचपन को किया जीवंत

केजी के नन्हे-मुन्नों ने लिटिल प्रिंस ऑफ अयोध्या की मधुर प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के बचपन की मासूमियत, बुद्धिमत्ता और सद्गुणों को अभिनय व नृत्य के माध्यम से जीवंत कर दिया। नन्हें कलाकारों की भाव-भंगिमाओं और सुंदर साज-सज्जा ने दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरे ऑडिटोरियम में तालियों की गूंज लंबे समय तक सुनाई देती रही। कार्यक्रम के आगे पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। पुरस्कारों में एक्सीलेंस इन अकेडमिक्स, बेस्ट इन सब्जेक्ट, मास्टर ऑफ वर्स, बेस्ट ओरेटर, बेस्ट इन कैलिग्राफी, ब्लूमिंग आर्टिस्ट, स्टार अचीवर, एक्सीलेंस इन स्पोर्ट्स, ज्वेल इन क्राउन, बेस्ट इन ड्रैमेटिक्स, हंड्रेड परसेंट अटेंडेंस और जनरल प्रोफिशिएंसी प्रमुख रहे। कार्यक्रम में विदित'को मेमोरियल अवॉर्ड फॉर ह्यूमन वैल्यूज़ प्रदान किया गया, जिसके अंतर्गत 3100 की नगद राशि और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या प्रीति गुगनानी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सत्य, एकाग्रता, साहस और प्रतिबद्धता ही सच्ची भक्ति का स्वरूप हैं। मुख्य अतिथि ने भी विद्यार्थियों की सराहना करते हुए उन्हें भक्ति की शक्ति पर विश्वास रखने और अपने आदर्शों पर अडिग रहने की सीख दी। अंत में प्रधानाचार्या प्रीति गुगनानी और डायरेक्टर रविंद्र गुगनानी ने अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी की सहभागिता ने इस आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

रोहतक जिले में पहुंची सद्भाव यात्रा

## सद्भाव यात्रा का मकसद 36 बिरादरियों में विश्वास मेल-जोल व सहयोग को मजबूत करना : बृजेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भाव यात्रा को अपने 58वें दिन रोहतक जिले के ब्लॉक कलानौर में पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं, पंच-सरपंचों, युवा वर्ग और ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि सद्भाव यात्रा का मूल मकसद प्रदेश की 36 बिरादरियों में विश्वास, मेल-जोल और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगी, जिनमें से 23 क्षेत्रों में अब तक विशाल जनसमर्थन मिला है। जनता का यह समर्थन इस बात का संकेत है कि लोग तनाव और विभाजन नहीं, बल्कि शांति, भाईचारा और सद्भाव को प्राथमिकता देना चाहते हैं।

बृजेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार जाति और धर्म के आधार पर समाज में दरार डालने वाली राजनीति को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहचान हमेशा 36 बिरादरियों की एकता और साझा संस्कृति से रही है, लेकिन मौजूदा सत्ता को यह एकता रास नहीं आती। उन्होंने कहा कि किसानों और सिख समाज द्वारा अपनी मांगों को लेकर किए गए शांतिपूर्ण आंदोलनों के दौरान उन्हें अपमानित करने के प्रयास किए गए, जो सामाजिक सौहार्द के लिए नुकसानदायक है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा के गांव हमेशा से भाईचारे की मिसाल रहे हैं, जहां खेती-बाड़ी से लेकर सामाजिक गतिविधियां तक सभी मिलकर की जाती हैं। लेकिन भाजपा शासन में इसी आपसी जुड़ाव को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं।



सद्भाव यात्रा के दौरान लोगों के साथ कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### खेलों में भी भेदभाव के आरोप

बृजेंद्र सिंह ने सरकार पर खेलों में जातिगत भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहन न मिलने और असमान व्यवहार के कारण कई युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस भेदभाव की वजह से दो खिलाड़ियों की जान तक चली गई, लेकिन सरकार ने संवेदनशीलता नहीं दिखाई।

### यात्रा 3 व 4 दिसंबर को महम हलके में रहेगी

महम। हिसार लोकसभा के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह की सद्भावना यात्रा 3 व 4 दिसंबर को हलका महम के गांवों से गुजरेगी। पंचायत समिति महम के पूर्व चेयरमैन अजीत सिंह उर्फ जीता खेड़ी ने बताया कि 3 दिसंबर को यात्रा सुबह 9 बजे अठगामा भवन पहुंचेगी। उसके बाद बहु अकबरपुर, मोखरा, मदीना, खरकड़ा, बहलबा और महम जाएगी। 4 दिसंबर को यात्रा सुबह 9 बजे चौबीसी चबूतरे से शुरू होकर खेड़ी महम, निंदाना, बैंसी और लाखन माजरा जाएगी। इस दौरान बृजेंद्र सिंह लोगों से मुलाकात करेंगे। अजीत सिंह ने बताया कि उनकी यात्रा को लेकर हलके के लोगों में विशेष उत्साह है।

प्रतिभा खोज

## संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन



पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्रांगण में प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र सिंह सांगवान के दिशा निर्देशन में गीता जयंती के उपलक्ष्य में संस्कृत विभाग के द्वारा संस्कृत श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर ईशा कपूर, कोमल वर्मा तथा डॉक्टर सुनील ने निभाई। इस अवसर पर पर्यावरण विभाग की सहायक आचार्या सीमा , डॉ संतोष तथा वनस्पति विज्ञान की सहायक आचार्या डॉ मोनिका भी उपस्थित रहे।

प्रेरणा

## एमडीयू में स्वयं सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण पर प्रेरक सत्र

मोटिवेशनल स्पीकर बीके संजीव व बीके रक्षा ने दिए संदेश

# अच्छी आदतें और दृढ़ चरित्र व्यक्ति के साथ राष्ट्र-निर्माण को भी सशक्त बनाते हैं : बीके रक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम द्वारा स्वयं सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण विषय पर एक प्रभावशाली और प्रेरक सत्र का आयोजन फैकल्टी डेवलपमेंट सेंटर के सेमिनार हॉल में किया गया। इस सत्र ने युवाओं में आत्मविश्वास, सकारात्मकता और जिम्मेदारी की नई भावना को प्रोत्साहित किया। सुरक्षा प्रभारी ब्रिगेडियर हरबीर सिंह ने उद्घाटन संबोधन में अनुशासन, आत्म-जागरुकता और जिम्मेदारी को मजबूत व्यक्तित्व के मुख्य आधार बताते हुए युवाओं को आत्म-विकास की राह पर दृढ़ रहने का संदेश दिया। मुख्य सलाहकार प्रो. राजकुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि राष्ट्र का भविष्य युवाओं के हाथ में है और आत्म-सशक्तिकरण ही राष्ट्रीय सशक्तिकरण की पहली और सबसे महत्वपूर्ण सीढ़ी है। मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर बीके संजीव और बीके रक्षा ने अपनी प्रेरक बातों से उपस्थित युवाओं पर गहरा प्रभाव छोड़ा। बीके संजीव ने भावनात्मक स्थिरता, मानसिक स्पष्टता, तनाव प्रबंधन और उद्देश्यपूर्ण जीवन शैली के महत्व को सरल और प्रभावशाली तरीके से समझाया। उन्होंने युवाओं को विचारों का प्रबंधन करने, सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने और आंतरिक शक्ति विकसित करने के लिए प्रेरित किया।



बीके रक्षा ने सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास, आत्म-अनुशासन और मूल्य-आधारित जीवन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अच्छी आदतें और दृढ़ चरित्र न केवल व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं, बल्कि राष्ट्र-निर्माण में भी महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। दोनों वक्ताओं के संदेशों ने छात्रों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने, जिम्मेदारी निभाने और एक प्रगतिशील सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन डॉ. कर्मवीर श्योकंद, उपनिदेशक, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम, के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यालय कर्मियों अमित और जितेंद्र का विशेष योगदान रहा। वहीं छात्र समन्वयकों- नेहा, नंदिनी, योगिता, हर्षा, शुभम, मोक्षित, सूरज, रेनू, अमित और आशीष ने अपने सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम को अत्यंत सुचारु और प्रभावी बनाया।